**O**

9271

# युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया
# *UNITED BANK OF INDIA*

परिवीक्षाधीन अधिकारियों (स्केल – I) की परीक्षा के संबंध में
आपकी जानकारी के लिये

14.11.2010

## ACQUAINT YOURSELF WITH RECRUITMENT TESTS FOR PROBATIONARY OFFICERS (SCALE - I)

**14.11.2010**

## I. परिचय

हमें प्रसन्नता है कि आपने हमारे बैंक में परिवीक्षाधीन अधिकारी (स्केल – I) के पद पर भर्ती के लिए हमारे विज्ञापन के प्रत्युत्तर में आवेदन किया।

1. जिस परीक्षा में आप बैठ रहे हैं उससे संबंधित विभिन्न पहलुओं तथा संबंधित मामलों के बारे में महत्त्वपूर्ण अनुदेश इस पुस्तिका में दिए गए है। **उत्तरपत्रों की जांच संगणक द्वारा की जाएगी अतः आप उत्तर पुस्तिका को इस्तेमाल करने के और उसमें उत्तर दर्शाने के अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।** आपको सलाह दी जाती है कि इस पुस्तिका को ध्यानपूर्वक पढ़े क्योंकि यह आपको परीक्षा की तैयारी करने के लिए सहायता करेगी।

2. लिखित परीक्षा में बैठने से पूर्व आपको पूर्ण रूप से सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आप बैंक द्वारा निर्धारित पात्रता के मानदंडों को सभी प्रकार से पूरा करते हैं।

3. कृपया नोट करें कि यह एक प्रतियोगितात्मक परीक्षा है और इसमें उत्तीर्ण होना ही पर्याप्त नहीं है। नियुक्ति प्राप्त करने के लिए आपको मेरिट सूची में उच्च स्थान प्राप्त करना होगा। अतः परीक्षा के लिए आप पूरी मेहनत करें।

## II. सामान्य अनुदेश

1. **नोट करने योग्य बातें :** कृपया बुलावा पत्र पर दिये हुए अपने अनुक्रमांक, श्रेणी, परीक्षा तारीख, समय तथा स्थान को ध्यानपूर्वक नोट कर लें। कृपया यह भी नोट करें कि यह बुलावा पत्र बैंक द्वारा रोजगार देने का प्रस्ताव नहीं है।

2. **उपस्थिति की पाबन्दी :** आपको चाहिए कि आप बुलावा पत्र में दिये गये समय से कम-से-कम आधा घंटा पहले परीक्षा भवन में उपस्थित हो जायें। देरी से आने वाले उम्मीदवारों को परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

3. **बुलावा पत्र जमा करना :** कृपया परीक्षा केन्द्र पर अपना मूल कैश रसीद और अपना बुलावा पत्र जिस पर पासपोर्ट साइज की आपकी नवीनतम फोटो की एक प्रति निर्धारित स्थान पर अच्छी प्रकार चिपकी हुई होनी चाहिए अपने साथ अवश्य लाए। बुलावा पत्र न लाने या उसपर फोटो न लगाने या मूल कैश रसीद न लाने की स्थिति में आपको परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी। ध्यान रहे कि बुलावा पत्र पर उम्मीदवार के हस्ताक्षर के लिये दिए हुए स्थान पर आपको अपने हस्ताक्षर परीक्षा भवन में निरीक्षक के समक्ष करने होंगे। परीक्षा भवन में निरीक्षक जब उम्मीदवारों से बुलावा पत्र एकत्रित करता है तब अपना बुलावा पत्र और मूल कैश रसीद उसे सौंप दें। कृपया बुलावा पत्र के निचले छोर पर दी गई पर्ची व्यक्तिगत संदर्भ के तौर पर अपने पास ही रखें।

4. **अनुदेशों का पालन करना :** परीक्षा के दौरान परीक्षा प्रशासकों तथा निरीक्षकों द्वारा दी गई हिदायतों का आपको परीक्षा के सभी स्तरों पर पालन करना होगा। अगर आपने इन हिदायतों का उल्लंघन किया तो आपको अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा तथा आपको परीक्षा भवन से चले जाने के लिए भी कहा जा सकता है।

## I. INTRODUCTION

We are glad that you have applied in response to our advertisement for the recruitment of Probationary Officers (Scale-I) in our bank.

1. This booklet contains details pertaining to various aspects of the examination you are going to take and important instructions about related matters. **The assessment of answersheets will be done by a computerised machine, hence you should carefully read instructions regarding handling of the answersheet and the method of marking answers.** You are advised to study this booklet carefully as it will help you in preparing for the examination.

2. Before appearing for the written examination you should strictly ensure yourself that you fulfil the eligibility criteria stipulated by the bank in all respects.

3. Please note that since this is a competitive examination, mere passing is not adequate. You have to obtain a high rank in the order of merit to secure appointment. You should, therefore, put in your best effort in the examination.

## II. GENERAL INSTRUCTIONS

1. **Particulars to be Noted :** Please note carefully your Roll Number, category, date of examination, time and venue for the examination given in the call letter. Please also note that this call letter does not constitute an offer of employment by the bank.

2. **Punctuality in Attendance :** You should be present at the examination hall at least half an hour before the time given in the call letter. Candidates arriving late will not be permitted to enter the Examination Hall.

3. **Call letter to be Surrendered :** Affix firmly a copy of your recent passport size photograph in the space provided for it in the call letter and bring it with you along with your original cash receipt when you come to the venue for the examination. You will not be permitted to appear for the examination if you do not bring the call letter with the photograph affixed on it and the original cash receipt . You will be required to sign in the space provided for candidate's signature on your call letter in the presence of the invigilator in the examination hall. You should hand over your call letter and the original cash receipt to the invigilator in the examination hall, when he collects the call letters from the candidates. Please retain the counterfoil at the bottom of the call letter with you for your personal record.

4. **Compliance with Instructions :** You should scrupulously follow the instructions given by test administrators and the invigilators at all the stages of the examination for which you have been called. If you violate the instructions you will be disqualified and may also be asked to leave the examination hall.

5. **पुस्तकों और नोटस् का प्रयोग करने तथा नकल करने अथवा सहायता लेने/देने की अनुमति नहीं दी जाएगी :** परीक्षा भवन के अन्दर अलग अथवा घड़ी में लगे कॅलकुलेटर, पेजर, सेल फोन, पुस्तकें, स्लाइड रूल, फुट रूल, नोट बुक तथा लिखित नोट लाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो उम्मीदवार नकल करते अथवा सहायता करते या सहायता लेते पाया जाएगा उसे अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

6. **नमूना उत्तरपत्र और उस पर विवरण कैसे भरें :** इस पुस्तिका के अंत में नमूना उत्तरपत्र दिया गया है। अपने अभ्यास के लिये इस उत्तरपत्र पर अपेक्षित व्यक्तिगत तथा अन्य विवरण भरें और उसे अपने साथ परीक्षा भवन में लायें। आपको ऐसा ही उत्तरपत्र परीक्षा भवन में मिलेगा, जिस पर आपको पहले ही नमूना उत्तरपत्र में भरे हुए व्यक्तिगत तथा अन्य विवरण उतारने होंगे। **उत्तरपत्र पर विवरण कैसे भरना है उसका वर्णन इसी पुस्तिका में अन्यत्र (क्रम सं. IV पर) किया गया है और नमूना उत्तरपत्र में दर्शाया गया है।**

7. **एच्.बी. पेन्सिल और बाल प्वाईंट पेन का प्रयोग :** आप अपने साथ दो एच्.बी. पेन्सिलें, एक अच्छे प्रकार का रबड़, एक पेन्सिल शार्पनर और एक बाल प्वाईंट पेन लाए। परीक्षा काल में पेन्सिल बनाने में आपका समय नष्ट न हो इसलिए दो पेन्सिलें लाने की सलाह दी गयी है। केवल **पृष्ठ 1 के कोष्ठक सं. 1-11** में विवरण भरने के लिए **बाल प्वाईंट पेन का प्रयोग करें।** उत्तरपत्र के **पृष्ठ 1 के कोष्ठक सं. 13-28 और पृष्ठ 2 के कोष्ठक सं. 29** में विवरण भरने के लिए केवल एच्.बी. पेन्सिल का प्रयोग करें। **उत्तरपत्र में सभी उत्तर केवल एच्.बी. पेन्सिल से ही दर्शाये जाने चाहिए।**

8. **उत्तरपत्र का इस्तेमाल :** कृपया अपने उत्तरपत्र को नितान्त ध्यान से इस्तेमाल में लाएं और उसे धूल से मुक्त रखें। यदि यह कटा-फटा, मुड़ा, सिकुड़न पड़ा अथवा गोल मोडा गया होगा तो मशीन द्वारा उसका मूल्यांकन नहीं किया जा सकेगा।

   उत्तरपत्र तथा प्रश्न पत्र बैंक द्वारा प्रदान किये जायेंगे। **आपको चाहिए कि परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् कमरा छोडने से पहले उत्तरपत्र, वस्तुनिष्ठ प्रश्नपत्र तथा वर्णनात्मक प्रश्नपत्र निरीक्षक को सौंप दें।** यदि कोई उम्मीदवार प्रश्न-पुस्तिका और/अथवा उत्तरपत्र वापस नहीं करता है अथवा प्रश्नपुस्तिका या उत्तरपत्र कमरे के अन्दर अथवा बाहर ले जाने अथवा देने का प्रयत्न करता हुआ पाया जाता है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और बैंक अपने नियमों के अनुसार उसके विरूद्ध आगे कार्यवाही कर सकती है।

9. **रफ कार्य पुस्तिका पर करना :** आप सभी आवश्यक रफ कार्य प्रश्न पुस्तिका/प्रश्न पत्र पर ही करें। आप अपना रफ कार्य उत्तरपत्र या अन्य किसी कागज पर **न करें।** यदि कोई रफ कार्य उत्तरपत्र पर किया गया तो आपका उत्तरपत्र जांचा नहीं जायेगा।

10. **एक ही उत्तरपत्रिका :** सभी वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियों के लिए केवल एक ही उत्तरपत्र होगा।

5. **Use of Books, Notes and Copying or Receiving/ Giving Assistance Not Allowed :** No calculator, separate or with watch, pagers, cellphones, books, slide rules, foot rules, note-books or written notes will be allowed inside the examination hall. Any candidate who is found either copying or receiving or giving assistance will be disqualified.

6. **Sample Answersheet and How to fill information On it :** A sample answersheet is attached to this booklet at the end. Fill in the required biodata and other information on this answersheet for your practice and bring it with you to the examination hall. You will get a similar answersheet in the examination hall, on which you will have to copy the biodata and other information already filled in by you on the sample answersheet. **How to fill in the information on the answersheet is explained in this booklet elsewhere (at SI. No. IV) and shown on the specimen answersheet.**

7. **Use of HB Pencil and Ball Pen :** You should bring with you two HB pencils, a good quality eraser, a sharpener and a ball-point pen. You are advised to bring two pencils to avoid mending a pencil during the examination as you may lose time. **Use ball-point pen** for filling up the information only **in boxes 1-11 on Side 1. Use HB pencil only,** for filling up information in **boxes 13-28 on side 1** of the answersheet and **box 29 on side 2** of the answersheet. **All the answers should also be marked by using HB pencil only.**

8. **Handling answersheet :** Please handle your answersheet with extreme care and keep it dust free. If it is mutilated, torn, folded, wrinkled or rolled, it may not be evaluated by the machine.

   Answersheets and question papers will be supplied by the Bank. After the test is over, **you should hand over the answersheet, objective test booklet and the descriptive paper to the invigilator before leaving the room.** Any candidate who does not return the question booklet and/or answersheet or is found to attempt to take or pass on the question booklet or answersheet inside or outside the examination hall will be disqualified and the Bank may take further action against him as per rules of the Bank.

9. **Rough work to be done on the booklet :** You should do all the necessary rough work on test booklet/question paper itself only. You **SHOULD NOT** do your rough work on the answersheet or any other paper. If any rough work is done on the answersheet, your answersheet will not be assessed.

10. **One Single Answersheet :** For all the objective tests there will be a single answersheet.

11. **उत्तर दर्शाने का तरीका :** आपके द्वारा सभी प्रश्नों के उत्तर उत्तरपत्र पर दर्शाये जाने चाहिए । नीचे वर्णित तथा दर्शायी गई उत्तरों को दर्शाने की पद्धति का अनुसरण करें । यदि ऐसा नहीं किया गया तो उत्तर पत्र का संगणक द्वारा मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।

12. **प्रश्नपुस्तिका पर अनुक्रमांक लिखे :** आपको प्रश्नपुस्तिका के आवरण पृष्ठ पर दिये हुए स्थान पर अपना रोल नं. लिखना चाहिये । यदि आप प्रश्नपुस्तिका पर अपना रोल नं. नहीं लिखते है तो आपके उत्तरपत्र का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।

13. **उत्तरपत्र पर विवरण :** आपको सभी अपेक्षित विवरण जैसे रोल नं., नाम, प्रश्नावली प्ररूप क्र. आदि अपने उत्तरपत्र पर लिखना है । **यदि आप अपना रोल नं., नाम और प्रश्नावली प्ररूप क्र. आदि नहीं लिखते हैं और संबंधित खानों को काला नहीं करते हैं तो आपके उत्तरपत्र का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा ।**

14. **यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा :** परीक्षा के संबंध में यात्रा भत्ता या अन्य खर्चे नहीं दिए जाएँगे ।

### III. उत्तर दर्शाने का तरीका

**अपना उत्तर कैसे दर्शाये :** प्रत्येक प्रश्न के बाद उसके उत्तर 1, 2, 3, 4 और 5 अंकों द्वारा दर्शाये गये हैं । आपको उनमें से प्रश्न का सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनना है । **फिर आपको प्रश्न की क्रम संख्या के आगे दी गई सही उत्तर वाली अंडाकृति को एच.बी. पेन्सिल से काला करना है । उदाहरण के लिए यदि प्रश्न संख्या 2 का सही उत्तर, उत्तर संख्या 5 है तो वह निम्नानुसार दर्शाया जाना चाहिये :**

2. ① ② ③ ④ ●

**उत्तर दर्शाने के लिए बॉल पेन या स्याही का प्रयोग न करें । केवल एच.बी. पेन्सिलों का प्रयोग करें ।**

कृपया नोट करें कि **एच, 2 एच/एच. एच., 3 एच. प्रकार की पेन्सिलों का प्रयोग न करें ।** उक्त कठोर पेन्सिले द्वारा बनाए गए चिह्न बहुत हल्के होंगे तथा **कम्प्यूटरिकृत मशीन द्वारा पढ़े नहीं जायेंगे । अतः ऐसी कठोर पेन्सिले प्रयोग में न लाएं ।** यदि आप अति कोमल पेन्सिलें जैसे, 2 बी. / बी. बी., 3 बी., आदि का प्रयोग करते हैं तो आप के चिह्न अत्याधिक गाढ़े होंगे । अतः जब आप अपने प्रथम उत्तर को मिटाकर उत्तर बदलना चाहेंगे तो मिटाये गये उत्तर के स्थान पर अथवा उसके आसपास धब्बे या काले चिह्न रह सकते हैं । **अतः ऐसी कोमल पेन्सिलों का प्रयोग न करें । इसलिए केवल एच. बी. पेन्सिलों का ही प्रयोग करें ।**

**उत्तर दर्शाने की गलत विधियों के कुछ उदाहरण :**

अपने उत्तरों को दर्शाने अथवा विवरणों को भरने के लिए विभिन्न प्रकार के चिह्नों का प्रयोग न करें जैसा नीचे उदाहरण में दिखाया गया है :

| | | |
|---|---|---|
| (रेखा का प्रयोग) | ① ② ③̸ ④ ⑤ | (Use of Line Mark) |
| (अंडाकृति को आधा काला करना) | ① ◐ ③ ④ ⑤ | (Half filled oval) |
| (अंडाकृति के बाहर उत्तर दर्शाना) | ① ② ③ ④● ⑤ | (Marks outside the oval) |

यद्यपि उपर्युक्त सभी उदाहरणों में आपने उत्तर दर्शा दिया है किन्तु उत्तर दर्शाने की विधि गलत होने के कारण मशीन द्वारा **यह पढ़ा नहींजाएगा ।**

11. **Method of Showing Answers :** All your answers must be marked in the answersheet only. The method of indicating answers as described and illustrated below must be followed. If this is not done the answersheet will not be assessed by the computerised machine.

12. **Write Roll No. on the Test Booklet :** You should write your Roll No. in the space provided on the cover page of the test booklet. If you do not write your Roll No. on the test booklet your answersheet will not be assessed.

13. **Information on the Answersheet :** You should write all the information required on the answersheet such as Roll No., Name, Test Form No., etc. **If you do not write your Roll No., Name and Test Form No., etc. and do not darken the respective ovals, your answersheet will not be assessed.**

14. **Travelling Allowance not admissible :** No travelling allowance or other expenses in connection with the examination will be paid.

### III. METHOD OF SHOWING ANSWERS

**How to show your answer :** Each question is followed by answers which are numbered 1, 2, 3, 4 and 5. Select the most appropriate answer. **Then by using HB Pencil blacken the oval bearing the correct answer number against the serial number of the question. For example, if the answer to Question Number 2 is answer number 5, it is shown as follows :**

2. ① ② ③ ④ ●

**DO NOT USE BALL PEN OR INK PEN TO MARK ANSWERS. USE ONLY HB PENCILS.**

Please also note that you should not use an **H, 2H/HH, 3H type of pencils.** The marks made by such hard pencil will be too light and **will not be read by the computerised machine. So such hard pencils are NOT TO BE USED.** If you use too soft pencils like 2B/BB, 3B etc., your marks will be too dark. So when you want to change your answer by erasing the first one, there may be smudges or dark marks in place of the erased answer and around. So soft Pencils are **NOT TO BE USED. THEREFORE, USE ONLY HB PENCILS.**

**SOME WRONG METHODS OF MARKING ANSWERS :**

Please DO NOT mark your answers or fill up information by using different methods of marking as illustrated below :

In all the above cases, though you may have shown your answer, **it may not be read** by the machine because of wrong method of showing the answer.

**अत्यधिक महत्त्वपूर्ण**

केवल अंडाकृति को एच्.बी. पेन्सिल से काला करके दर्शाये गए उत्तर स्वीकार किये जायेंगे।

**कृपया नोट करें कि अंडाकृति समुचित रूप से काले हो जाने चाहिए और जितना सम्भव हो सके उतनी पूर्ण रूप से भर जाने चाहिए। किसी भी अंडाकृति को कलात्मक रूप से भरने के लिये विशेष प्रयत्न करने की आवश्यकता नहीं है।**

**अपना उत्तर कैसे बदले** : यदि **आप अपना उत्तर बदलना चाहतें हैं** तो पहले काला की गई अंडाकृति को अच्छी प्रकार से रबड़ से **पूर्णतया मिटा दें** और तब संशोधित उत्तर संख्या वाली नई अंडाकृति को काला करें।

उत्तर बदलते समय पहले वाले उत्तर को **पूर्ण रूप से मिटाना अति आवश्यक है। यदि वह पूर्ण रूप से मिटाया नहीं गया तो मिटाए गई अंडाकृति पर धब्बे शेष रह जायेंगे जैसा कि नीचे दिखाया गया है और प्रश्न के दो उत्तर पढ़े जायेंगे** तथा अंक देते समय उन्हें कोई महत्त्व नहीं दिया जायेगा।

**VERY IMPORTANT**

Answers shown only by blackening an oval by HB pencil will be accepted.

**Please note that the oval should be dark enough and should be filled in as completely as possible. You need not make special efforts to darken any oval artistically.**

**How to change your Answer : If you wish to change** your answer **ERASE completely** the already darkened oval by using good quality eraser and then blacken the new oval bearing your revised answer number.

While changing the answer, **erasing** the earlier answer **completely is extremely essential. If it is not erased completely, smudges will be left on the erased oval as shown below and the question will be read as having two answers and will be ignored for giving any credit.**

① ② ◐ ● ⑤

(गंदे रबड़ से मिटाए जाने के कारण अंडाकृति संख्या 3 पर धब्बा रह गया है और अंडाकृति संख्या 4 में नया उत्तर दर्शाया गया है। अतः अंडाकृति सं. 3 और 4 दो उत्तर पढ़े जायेंगे। इसलिए यदि अंडाकृति संख्या 4 ही सही उत्तर हुआ तो भी इसके लिए कोई अंक नहीं दिया जाएगा।)

(Smudge left in oval No. 3 due to bad eraser and the fresh answer in oval No. 4 will be read as two answers 3 & 4 and therefore no credit will be given even if the answer No. 4 happens to be the correct answer.)

**IV. उत्तरपत्र पर अपना व्यक्तित्व विवरण कैसे भरें :**

**महत्त्वपूर्ण**

(1) आपको उत्तर पत्र के पृष्ठ 1 के कोष्ठक सं. 1-11 और 13-28 और पृष्ठ 2 के कोष्ठक सं. 29 में विवरण भरना हैं।

(2) आपको **कोष्ठक सं. 1-11 में विवरण बॉल प्वाइन्ट पेन** से भरना हैं।

(3) **पृष्ठ 1 के कोष्ठक सं.13-28 और पृष्ठ 2 के कोष्ठक सं. 29** में जानकारी भरने के लिए **एच्. बी. पेन्सिल** का प्रयोग करें।

विवरण कैसे भरें यह नीचे दिए गए उदाहरण के माध्यम से बतलाया गया है : (नमूने के रूप में भरा हुआ उत्तरपत्र का पृष्ठ 1 भी संलग्न है)

याद रखिए कि यह आपकी जानकारी के लिए केवल उदाहरण है। आपको अपने उत्तरपत्र पर **अपना स्वयं का व्यक्तिगत विवरण भरना है।**

| | | |
|---|---|---|
| परीक्षार्थी का नाम | : | नन्दिनी शर्मा |
| परीक्षा दिनांक | : | 14.11.2010 |
| संस्था | : | युनाइटेड बैंक ऑफ़ इंडिया |
| परीक्षार्थी क्रमांक | : | 3013000251 |
| परीक्षा केंद्र | : | नई दिल्ली |
| पद | : | परिवीक्षाधीन अधिकारी |
| वर्ग/श्रेणी | : | सामान्य |
| जन्म दिनांक | : | 24.03.1986 |
| लिंग | : | स्त्री |
| संप्रदाय | : | हिन्दू |

**IV. HOW TO FILL IN YOUR BIODATA INFORMATION ON THE ANSWERSHEET :**

**Important**

(1) The information is to be filled in by you in boxes 1-11 and 13-28 on Side 1 and in box 29 on Side 2 of the answersheet.

(2) You have to fill in information **in boxes 1-11** by using **ball point pen**.

(3) Information in boxes 13-28 on side 1 and 29 on side 2 is to filled up by using **HB pencil only.**

How to fill in the information is explained with the help of an example given below : (Filled in Side 1 of the Specimen Answersheet is also enclosed).

REMEMBER this is ONLY an example for your guidance. You have to fill up YOUR OWN information on your answersheet.

| | | |
|---|---|---|
| Name of the Candidate | : | NANDINI SHARMA |
| Date of Examination | : | 14.11.2010 |
| Organization | : | United Bank of India |
| Roll No. of the Candidate | : | 3013000251 |
| Centre of Examination | : | New Delhi |
| Post | : | Probationary Officer |
| Category | : | General |
| Date of Birth | : | 24.03.1986 |
| Sex | : | Female |
| Religion | : | Hindu |

**योग्यताएं :**

| उत्तीर्ण परीक्षा | विद्यालय/महाविद्यालय का स्थान | बोर्ड/विश्वविद्यालय | प्राप्तांकों का प्रतिशत | शिक्षा का माध्यम |
|---|---|---|---|---|
| एस.एस.सी. | गांव | केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड | 76 | हिन्दी |
| एच.एस.सी. | महानगर | केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड | 72 | अंग्रेजी |
| बी.एस. सी. | महानगर | दिल्ली विश्वविद्यालय | 78 | अंग्रेजी |
| एम.एस. सी. | महानगर | दिल्ली विश्वविद्यालय | 69 | अंग्रेजी |

परिवार की वार्षिक आय : रु. 3,50,000/-

माता-पिता की शिक्षा : पिता — स्नातक
माता — स्नातक

अब आगामी विवरण को पढ़ते समय संलग्न नमूना उत्तरपत्र को ध्यान में रखें।

**पृष्ठ 1 :**

**उम्मीदवार का पूरा नाम (कोष्ठक सं. 1) :** आपको अपना पूरा नाम अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में लिखना है। देखें उम्मीदवार ने कैसे अपना नाम दिए गए स्थान पर बाल पॉइंट पेन से लिखा है।

**अन्य विवरण (कोष्ठक सं. 2-7) :** आप देखेंगे कि कोष्ठक सं. 2 से 7 में मांगी गयी जानकारी आसानी से भरी जा सकती है। बॉल प्वाईंट पेन का प्रयोग कर के इस जानकारी को भरिये।

**प्रश्न पुस्तिका अनुक्रमांक, प्रश्नमालिका क्रमांक और प्ररूप क्र. (कोष्ठक सं. 8-10 में अपेक्षित जानकारी) :** प्रश्न पुस्तिका अनुक्रमांक, प्रश्नमालिका क्रमांक और प्ररूप क्र. (कोष्ठक 8-10 में अपेक्षित जानकारी) प्रश्न पुस्तिका पर छपी हुई हैं। आपको ये संख्याएं परीक्षा के समय मिलने वाली प्रश्न पुस्तिका से अपने उत्तरपत्र पर बॉल प्वाईंट पेन से उतारनी होंगी।

**कोष्ठक सं. 13 से लेकर आगे सभी कोष्ठकों के लिए एच. बी. पेंसिल का प्रयोग करें।**

**उम्मीदवार का नाम (कोष्ठक सं. 13) :** नाम लिखने के लिए 10 कोष्ठकों की एक पंक्ति है। आप देखेंगे कि प्रत्येक कोष्ठक के ठीक नीचे के कॉलम में 26 अंडाकृतियों में अंग्रेजी वर्णमाला का एक-एक अक्षर लिखा हुआ है। प्रत्येक कालम में सबसे ऊपर की आकृति में 'A' अक्षर है तथा सबसे नीचे की अंडाकृति में 'Z' अक्षर है। देखें कि उम्मीदवार ने किस प्रकार एच.बी. पेंसिल का प्रयोग कर अपना नाम प्रत्येक कोष्ठक में केवल एक अक्षर लिखकर भर दिया है और प्रत्येक कोष्ठक के नीचे उपयुक्त अंडाकृति को काला कर दिया है। कृपया ध्यान दें कि उम्मीदवार ने अपने नाम के दो भागों के मध्य एक कोष्ठक और उसके नीचे के कॉलम खाली छोड़ दिये हैं। **यदि आपके नाम में अधिक अक्षर हैं तो केवल पहले अक्षरों को लिखें जो दिए गए कोष्ठकों में आ जायें।**

**Qualifications :**

| Exam. Passed | Place of School/ College | Board/ University | Percent-age of marks | Medium of Inst-ruction |
|---|---|---|---|---|
| S.S.C. | Village | C.B.S.E. | 76 | Hindi |
| H.S.C. | Metropolis | C.B.S.E. | 72 | English |
| B.Sc. | Metropolis | Delhi University | 78 | English |
| M.Sc. | Metropolis | Delhi University | 69 | English |

Annual Family Income : Rs. 3,50,000/-

Parental Education : Father – Graduate
Mother – Graduate

Now please refer to the enclosed Specimen Answersheet while reading the following description.

**Side 1 :**

**Full Name of the Candidate (Box No. 1) :** You have to write in capitals your full name in English. See how the candidate has written her name in the space provided by using ball-point pen.

**Other information (Box No. 2 to 7) :** You will find that the information asked for in the boxes from 2 to 7 can be filled in easily. Fill in this information by using ball-point pen.

**Test Booklet Serial Number, Test Battery Number and Test Form Number (Information required in Boxes 8-10) :** Test Booklet Serial Number, Test battery Number and Test Form Number (information required in Boxes 8-10) are printed on the test booklet. You have to copy these numbers on your answer sheet using ball point pen from the test booklet which you will receive at the time of examination.

**USE HB PENCIL FROM BOX NO. 13 ONWARDS**

**Candidate's Name (Box No. 13) :** There is a row of 10 boxes for writing the name. Just below each box you will find a column of 26 ovals each containing a letter of the alphabet. The top oval in each contains a letter 'A' whereas the last oval bears 'Z'. See how the candidate has written his name in capitals by entering one letter in each box using HB pencil, and has blackened the appropriate oval under each box. Please note that the candidate has left one box and respective column of ovals blank between two parts of her name. **If your name contains more letters write only the first letters which you can accommodate in the Boxes provided.**

**परीक्षार्थी क्रमांक (कोष्ठक सं.14) :** आपको 10 अंकों का अनुक्रमांक दिया जाएगा। अनुक्रमांक लिखने के लिये यहाँ 10 कोष्ठक की एक पंक्ति दी गई है। प्रत्येक कोष्ठक के नीचे छोटी-छोटी 10 अंडाकृतियां हैं जिनकी क्रम संख्या 1 से 9 व 0 तक हैं। देखें उम्मीदवार ने एच.बी. पेंसिल का प्रयोग कर अपना अनुक्रमांक इन कोष्ठकों में इस प्रकार लिख दिया है कि प्रत्येक कोष्ठक में केवल एक ही अंक आया है और कोष्ठकों के नीचे दिये गये अंडाकृतियों में से उपयुक्त अंडाकृतियों को काला कर दिया है। आपको अपना अनुक्रमांक प्रश्न पुस्तिका में दिए गए स्थान पर भी लिखना है।

**पद (कोष्ठक सं. 15) :** कृपया इस कोष्ठक को खाली रखिए।

**वर्ग/श्रेणी (कोष्ठक सं.16) :** श्रेणी से संबंधित कोड अनुबंध-I में दिए गए हैं। कृपया अपना श्रेणी कोड देखें और कोष्ठक में भरे तथा उपयुक्त अंडाकृति को एच्.बी. पेन्सिल से काला करें। देखिये उदाहरण के उम्मीदवार ने किस प्रकार श्रेणी का कोड कोष्ठक में लिखा है और उपयुक्त अंडाकृति को काला किया है।

**प्ररूप क्र. (कोष्ठक सं.17) :** आपको कोष्ठक 17 में प्ररूप क्रमांक संख्या (तीन अंकों में) लिखनी है। दिए गए कोष्ठक में प्रत्येक अंक लिखें तथा उपयुक्त अंडाकृतियों को एच. बी. पेन्सिल से काला करें ।

**परीक्षा का माध्यम (कोष्ठक सं. 18) :** तार्किक क्षमता, संख्यात्मक अभियोग्यता और सामान्य सचेतता की परीक्षाएं **हिन्दी तथा अंग्रेजी** दोनों भाषाओं में हैं। आपके पास विकल्प है कि आप प्रश्नों के उत्तर किसी भी भाषा में दे सकते हैं। यदि आपने हिन्दी भाषा का उपयोग किया है तो इस कोष्ठक में उचित अंड़ाकृति को काला करके दर्शाइये।

**जन्म दिनांक (कोष्ठक सं. 20) :** उम्मीदवार की जन्म दिनांक 24.03.1986 है। देखिए उम्मीदवार ने किस प्रकार कोष्ठकों में दिनांक, मास और वर्ष लिखा हैं और उपयुक्त अंडाकृतियों को काला किया है। यदि दिनांक अथवा मास एक अंक की संख्या में हैं तो उससे पूर्व 'शून्य' लगा दें।

**अध्ययन/शाखा (कोष्ठक सं.21) :** इसके अंतर्गत उम्मीदवार को अपने अध्ययन की शाखा अर्थात् कला, विज्ञान, वाणिज्य, इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिकी या प्रबंधकीय आदि लिखना है। यदि आपने इसके अलावा किसी दूसरी शाखा के विषयों का अध्ययन किया हैं तो 'अन्य'को अंकित करें। हमारे उदाहरण के उम्मीदवार ने एच. एस. सी., डिग्री तथा स्नातकोत्तर में विज्ञान का अध्ययन किया है।

**शिक्षा का माध्यम (कोष्ठक सं.22) :** इस कोष्ठक में शिक्षा के विभिन्न स्तरों अर्थात् एस. एस. सी. (दसवीं), एच. एस. सी. (बारहवीं), स्नातक (डिग्री) और स्नातकोत्तर (पी. जी.) स्तरों पर शिक्षा के माध्यम के बारे में विवरण देना है। भाषाओं के कोड नीचे दिए गए हैं :

| कोड | भाषा | कोड | भाषा |
|---|---|---|---|
| 11 | असमी | 19 | मराठी |
| 12 | बंगाली | 20 | उड़िया |
| 13 | अंग्रेजी | 21 | पंजाबी |
| 14 | गुजराती | 22 | संस्कृत |
| 15 | हिन्दी | 23 | सिंधी |
| 16 | कन्नड | 24 | तमिल |
| 17 | कश्मीरी | 25 | तेलगु |
| 18 | मलयालम | 26 | उर्दू |

**Candidate's Roll Number (Box No. 14) :** You will be assigned a 10 digit Roll Number. There is a row of 10 boxes provided to write the Roll Number. Just below each box there are 10 ovals numbered from 1 to 9 and 0. See how the candidate has written her Roll Number in the boxes, entering one digit in each box by using HB pencil and has blackened the appropriate oval under each box. You have to write your Roll Number on the test booklet also in the space provided for it.

**Post (Box No. 15) :** Please leave this box blank.

**Category (Box No. 16) :** Category codes are given in Annexure – I. Please find out the code number of the category you belong to and enter the code in the box and blacken the appropriate oval by HB pencil. See how the candidate in the example has written and darkened the appropriate oval for her category.

**Test Form No. (Box No. 17) :** You will have to write the test form number (3 digits) under item 17. Write each of the digits in the boxes provided and blacken the appropriate ovals by HB pencil.

**Version of the Test Used (Box No.18) :** Tests of Reasoning Ability, Quantitative Aptitude and General Awareness are printed in **Hindi and English.** You have a choice of referring to the tests in either of the languages. If you have referred to the Hindi version indicate this by darkening the appropriate oval in this box.

**Date of Birth (Box No. 20) :** Date of birth of this candidate is 24.03.1986. See how the candidate has entered the date, month and the year in the boxes and darkened the appropriate ovals correctly. If the date or the month happens to be single digit you should indicate this after adding 'zero'.

**Discipline (Box No. 21) :** Under 'discipline' the candidate has to mark his/her Faculty of Study. viz. Arts, Science, Commerce, Engineering and Technology or Management. If the faculty studied by you is other than these, then indicate as 'others'. The candidate in our example has studied 'Science' at HSC, Degree and Post Graduation.

**Medium of Instruction (Box No. 22) :** In this box, the information about medium of instruction at various levels of study, viz. SSC, (X Std.), HSC (XII Std.), Graduation (DEGREE) and Post Graduation (PG) is to be indicated. The language codes are given below :

| Code | Language | Code | Language |
|---|---|---|---|
| 11 | Assamese | 19 | Marathi |
| 12 | Bengali | 20 | Oriya |
| 13 | English | 21 | Punjabi |
| 14 | Gujarati | 22 | Sanskrit |
| 15 | Hindi | 23 | Sindhi |
| 16 | Kannada | 24 | Tamil |
| 17 | Kashmiri | 25 | Telugu |
| 18 | Malayalam | 26 | Urdu |

हमारे उदाहरण के उम्मीदवार ने एस. एस. सी. स्तर तक की पढ़ाई हिन्दी माध्यम से की जबकि एच. एच. सी. से आगे स्नातकोत्तर स्तर तक उसकी शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी था इसलिए उसने एस. एस. सी. के कोष्ठक में कोड संख्या 15 तथा एच. एस. सी., स्नातक तथा स्नातकोत्तर कोष्ठकों में कोड संख्या 13 लिखी है। उसने प्रत्येक कोष्ठक के नीचे दिए गए कॉलम में उपयुक्त अंडाकृति को काला भी कर दिया है।

**प्राप्तांकों का प्रतिशत (कोष्ठक सं. 23) :** इस कोष्ठक में प्रत्येक स्तर की परीक्षा में प्राप्तांकों के प्रतिशत को (दो अंकों में पूर्ण करके) दिखाना है। प्रत्येक परीक्षा स्तर के लिए दोनों अंक लिखने हेतु दो-दो कोष्ठक दिए गए हैं। प्रत्येक कोष्ठक के नीचे 1 से 9 और 0 तक की 10 अंडाकृतियां है जिनमें से उपयुक्त अंडाकृति को काला करना है। यदि परीक्षा संस्था द्वारा ग्रेड दिए गए हों तो उनको समान प्रतिशत में बदलकर उपर्युक्त ढंग से दर्शायें।

**विद्यालय/महाविद्यालय का स्थान (कोष्ठक सं.24) :** इस कोष्ठक में उम्मीदवार को अपने प्रत्येक स्तर के (एस. एस. सी., एच. एस. सी., स्नातक, स्नातकोत्तर) अध्ययन के स्थान (गांव, तहसील, जिला, राज्य की राजधानी, महानगर) को उपयुक्त अंडाकृति को काला करके दर्शाना होगा।

**परिवार की वार्षिक आय (कोष्ठक सं. 25) :** देखें कि किस प्रकार उम्मीदवार ने उपयुक्त अंडाकृति को काला करके अपनी पारिवार की आय को दर्शाया है।

**माता-पिता की शिक्षा (कोष्ठक सं. 26) :** इस कोष्ठक में कॉलम 1 शिक्षा स्तर को दर्शाता है, कॉलम सं. 2 और 3 क्रमशः पिता और माता की शिक्षा को दर्शाते हैं। देखें कि उम्मीदवार ने किस प्रकार संबंधित अंडाकृतियों को **एच. बी. पेन्सिल** से काला किया है।

**संप्रदाय (कोष्ठक सं. 27) :** इस कोष्ठक में आपको उपयुक्त अंडाकृति को **एच. बी. पेन्सिल** से काला कर अपना संप्रदाय दर्शाना है। देखें कि उम्मीदवार ने किस प्रकार नमूना उत्तर पत्र में सम्बन्धित अंडाकृति को काला किया है ।

**लिंग (कोष्ठक सं. 28) :** देखें कि उम्मीदवार ने किस प्रकार उपयुक्त अंडाकृति को **एच्. बी. पेन्सिल** से काला किया है।

**पृष्ठ 2 :**

**अनुक्रमांक (कोष्ठक सं. 29) :** उत्तर पत्र में पृष्ठ 2 पर बायीं तरफ नीचे की ओर इस कोष्ठक में एच् . बी. पेन्सिल से अपना अनुक्रमांक लिखना है।

## V. ध्यान देने योग्य महत्त्वपूर्ण बातें

1. मशीन सबसे पहले उत्तर पत्र के **पृष्ठ 1 पर कोष्ठक सं. 17** में लिखी प्रारूप क्रमांक पढ़ती है और उसके पश्चात् उस फार्म के प्रश्नों के सही उत्तरों के आधार पर आपके उत्तरों की जांच करती है। अतः **सही अंडाकृतियों को एच. बी. पेन्सिल से काला कर अपनी प्रारूप क्रमांक सही दर्शाएं।**

2. **महत्त्वपूर्ण :** हो सकता है कि, आपके उत्तर पत्र की **जांच नहीं की जाएगी** यदि आप —
   (i) **कोष्ठक सं. 14 में अपने अनुक्रमांक के नीचे की संबंधित अंडाकृतियों को काला नहीं करेंगे।**

The candidate in our example has studied in HindI Midium at SSC level whereas for HSC onwards upto Post Graduation, her medium of instruction was English.Therefore, she has written Code 15 under SSC and Code 13 under HSC, Graduation and Post Graduation. Also she has blackened the appropriate ovals in the column below each box.

**Percentage of Marks (Box No. 23) :** In this box percentage of marks obtained at each level of examination (rounded off to two digits) is to be indicated. For each level of examination, two boxes for writing two digits have been provided. Under each boxed space, 10 ovals ranging from 1 to 9 & 0 have been provided for blackening the appropriate oval. In case grades are given by an examining agency, convert the same into equivalent percentages and indicate as above.

**Place of School/College (Box No. 24) :** In this box, the candidate has to indicate, by blackening the appropriate oval, her place of study (Village, Tehsil, District, State Capital, Metropolis) for each level of examination (SSC, HSC, Degree, PG).

**Annual Family Income (Box No. 25) :** See how the candidate has blackened the appropriate oval indicating her family income.

**Parental Education (Box No. 26) :** In this box the column 1 indicates level of education, column 2 and 3 are for indicating father's and mother's education respectively. Note how the candidate has blackened the respective ovals using HB Pencil.

**Religion (Box No. 27) :** In this box indicate your religion by darkening the appropriate oval using HB pencil. See in the specimen answersheet, how the candidate has darkened the respective oval.

**Sex (Box No. 28) :** See how the candidate has blackened the appropriate oval using **HB Pencil.**

**Side 2 :**

**Roll Number (Box No. 29) :** You should write your Roll Number by HB pencil in this box at the left hand bottom corner of Side 2 of the answersheet.

## V. IMPORTANT POINTS TO REMEMBER

1. The machine first reads the Test Form No. on side 1 Box No. 17 of the answersheet and then evaluates your answers as per the correct answers of questions in that form. Therefore, you **MUST SHOW YOUR TEST FORM NO. CORRECTLY BY FILLING THE CORRECT OVALS BY HB PENCIL.**

2. **IMPORTANT :** Your answersheet **MAY NOT** be assessed if you —
   (i) **Do not darken the corresponding ovals to your Roll Number in Box 14.**

(ii) **कोष्ठक सं. 17 में प्ररूप क्रमांक के नीचे की संबंधित अंडाकृतियों को काला नहीं करेंगे।**

(iii) उत्तर दर्शाने के लिए सही तरीका अर्थात् अंडाकृतियों को काला करने का तरीका नहीं अपनाएंगें।

**3.** यह भी हो सकता है कि आपके उत्तरपत्र की जांच न की जाये —

(क) यदि आप उत्तरपत्र पर अपना कच्चा कार्य करेंगे।

(ख) यदि आप प्रश्न पुस्तिका पर अपना अनुक्रमांक नहीं लिखेंगे।

(ग) यदि आप उत्तरपत्र में सभी अपेक्षित विवरण नहीं भरेंगे।

(घ) यदि आप अपने उत्तरपत्र को सही तरीके से नहीं इस्तेमाल करेंगे।

**4.** आप अपने साथ निम्नलिखित वस्तुएं लेकर आएं :-

(i) बुलावा पत्र पर हाल ही में खिचाया हुआ पासपोर्ट आकार का अपना फोटो चिपकाएं।

**(ii) मूल कैश रसीद**

(iii) इस पुस्तिका के अन्त में दिए गए नमूना उत्तरपत्र पर पूरी तरह भरा हुआ व्यक्तिगत विवरण।

(iv) दो एच. बी. पेन्सिलें, एक पेन्सिल शार्पनर और अच्छी किस्म का एक रबड़।

(v) एक बॉल पेन।

**5.** जब आपको प्रश्न पुस्तिका दी जाये तो स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की तरह प्रत्येक प्रश्नावली के सभी प्रश्न पढ़ने में अपना समय नष्ट मत कीजिए। ये प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं, अतः आप एक-एक प्रश्न को सावधानी से पढ़कर तुरन्त उसके उत्तर को उत्तरपत्र पर दर्शा दीजिए। यदि आपको कोई प्रश्न कठिन लगता है तो उस पर समय नष्ट मत कीजिए। उसे छोड़कर अगले प्रश्न का उत्तर दीजिये। छोड़े गए मुश्किल प्रश्नों को सबसे अन्त में, यदि समय बचे, तो हल किया जा सकता हैं।

**6.** परीक्षा कक्ष के अंदर जब निरीक्षक आपसे प्रश्नपुस्तिका का आवरण खोलने के लिए कहे तब **आप आवरण दाहिनी ओर से खोलें। पुस्तिका के बार्यी ओर लगे हुए स्टेपल न खोलें।** दाहिने किनारे की तरफ से आवरण खोलते ही यह सुनिश्चित् कर लें कि आपकी पुस्तिका के सभी प्रश्न सही रूप से छपे हुए हैं और इसके पश्चात् प्रश्नों का उत्तर देना प्रारम्भ कर दें। यदि पुस्तिका दोषपूर्ण हो तो उसके स्थान पर उसी परीक्षा प्ररूप क्रमांक वाली दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें। जब तक परीक्षा निरीक्षक आपकी पुस्तिका बदलते हैं आप सही ढंग से छपे अन्य प्रश्नों का उत्तर देना जारी रखें, ताकि आपका समय व्यर्थ न जाए।

**7.** यदि आपने बीच में कोई प्रश्न छोड दिया है तो अगले प्रश्न के उत्तर को दर्शाते समय यह ध्यान रखिए कि आपने प्रश्नों के उत्तर ठीक उसी क्रम संख्या के अनुसार दर्शाए हैं या नहीं। छोड़े गए प्रश्नों के उत्तरों के लिए उत्तरपत्र पर भी खाली स्थान छोड़ा जाना चाहिए।

**8.** परीक्षा के समय की समाप्ति तथा 'रूकिए' संकेत के पश्चात् अंडाकृतियों को गहरा रंगने के लिए अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

(ii) **Do not darken the corresponding ovals to the Test Form Number in Box 17.**

(iii) Do not follow the proper method of indicating the answers i.e. darkening the ovals.

**3.** Your answersheet may also not be assessed —

(a) If you do the rough work on the answersheet.

(b) If you do not write your Roll No. on the Test Booklet.

(c) If you do not write all the information required on the answersheet.

(d) If you do not handle your answersheet carefully.

**4.** You are advised to bring with you the following things :-

(i) Call letter with your recent passport size photograph affixed thereon.

**(ii) Original Cash Receipt**

(iii) Completely filled in biodata information on the sample answersheet provided at the end of this booklet.

(iv) Two HB Pencils, a pencil sharpener and a good quality eraser.

(v) One ball point pen.

**5.** When you receive the test booklet, do not waste your time in first reading all the questions in each of the tests as is done in the School/College/University examinations. Since these questions are of objective type, read a particular question and immediately mark your answer on the answersheet. In case you find a particular question difficult, skip the question and go on to the next question. The question so skipped may be solved at the end, if time is available.

**6.** In the examination hall when the invigilator asks you to tear open the wrapper of the test booklet, **open the wrapper along right hand edge. DO NOT remove the staples of the test booklet which are at the left hand side.** Immediately after opening the test wrapper along right hand edge, verify that all the questions are properly printed in your booklet and then begin answering the test. In case the test booklet is defective, get it replaced by another test booklet bearing the same Test Form No. Till the invigilator replaces your test booklet continue answering other questions which are not defectively printed so that you do not lose time while the replacement of the defective booklet is being done.

**7.** If the question is skipped care should be taken while marking the answer of the next question. It should be marked against the appropriate question serial number leaving blank the answer spaces for the skipped question.

**8.** No extra time will be given for darkening the ovals after the time for the tests is over and the 'STOP' Signal is given.

**महत्त्वपूर्ण :**

**जो उम्मीदवार लिखित परीक्षा या चयन प्रक्रिया के दौरान गलत तरीके अपनाएंगे उनके विरूद्ध बैंक द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है ।**

**असामान्य पैटर्न के प्रत्युत्तरों का पता लगाने के लिए बैंक/आईबीपीएस उम्मीदवार के प्रत्युत्तरों का परीक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीदवारों के साथ विश्लेषण करेगा । यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह संदेह होता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त स्कोर वास्तविक/वैध नहीं है तो बैंक उसकी उम्मीदवारी रद्द करने का अधिकार आरक्षित रखता है ।**

### VI. लिखित परीक्षा

लिखित परीक्षा में दो प्रकार की प्रश्नावलियाँ होंगी :

(क) वस्तुनिष्ठ (ख) वर्णनात्मक

### (क) वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियाँ

| क्र. स. | प्रश्नावली | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | निर्धारित समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | तार्किक क्षमता | 75 | 75 | कुल समय 2 घंटे और 15 मिनट |
| 2. | संख्यात्मक अभियोग्यता | 50 | 50 | |
| 3. | सामान्य सचेतता | 50 | 50 | |
| 4. | अंग्रेजी ज्ञान | 50 | 50 | |
| | **कुल** | **225** | **225** | |

क्रमांक 1, 2 और 3 की प्रश्नावलियाँ हिन्दी तथा अंग्रेजी में छपी होंगी।

### (ख) वर्णनात्मक प्रश्नपत्र

| | अंक | इस परीक्षा के लिए समय |
|---|---|---|
| तीन प्रश्न | 60 | 45 मिनट |

**उत्तीर्णांक :** परीक्षार्थियों को प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियों तथा वर्णनात्मक प्रश्नपत्र में उत्तीर्ण होना होगा। प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली में उत्तीर्णांक बैंक द्वारा पर निर्धारित किए जायेंगे। वर्णनात्मक प्रश्नपत्र के लिए न्यूनतम उत्तीर्णांक 50% सामान्य श्रेणी के लिए और 45% अ.जा./अ.ज.जा/अ.पि.जा./शा.वि के लिए होंगे। साक्षात्कार के लिए उन्हीं उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा जो प्रत्येक प्रश्नावली में उत्तीर्ण होंगे तथा जैसा कि ऊपर वर्णित है तथा लिखित परीक्षा में समग्र अंकों के आधार पर श्रेणी क्रम में भी पर्याप्त उच्च स्थान पर होंगे। ऐसे उम्मीदवारों की संख्या भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या पर निर्भर करेगी।

**अगर आप वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियों में गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंकों में कटौती की जायेगी।** किसी भी प्रश्नावली में पूछे जाने वाले प्रत्येक प्रश्न के पाँच वैकल्पिक उत्तर दिये जाते हैं। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित अंकों में से, जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के रूप में एक -चौथाई या 0.25 अंक काट लिए जायेंगे। अगर आप किसी भी प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देते हैं तो उसे भी गलत उत्तर ही माना जायेगा। भले ही दिये गये उत्तरों में से कोई एक सही उत्तर भी शामिल

**IMPORTANT :**

**Candidates resorting to any unfair practices either during the written test or during subsequent selection procedure will be liable for disciplinary action taken against him/her by the Bank, as per the disciplinary procedure laid down.**

**The Bank/IBPS would be analysing the responses of a candidate with other appeared candidates to detect unusual patterns of responses. If as per the laid down procedure it is suspected that the responses have been shared and the scores obtained are not genuine/valid, the Bank reserves the right to cancel his/her candidatures.**

### VI. WRITTEN EXAMINATION

In the written examination there will be two types of tests viz.

(a) Objective and (b) Descriptive

### (A) OBJECTIVE TESTS

| Sr. No. | Name of the Test | No. of Ques. | Maximum Marks | Time Allotted |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Reasoning Ability | 75 | 75 | Total composite time of 2 hours and 15 minutes |
| 2. | Quantitative Aptitude | 50 | 50 | |
| 3. | General Awareness | 50 | 50 | |
| 4. | English Language | 50 | 50 | |
| | **Total** | **225** | **225** | |

The tests at Sr. No.1, 2 and 3 will be printed both in Hindi and English.

### (B) DESCRIPTIVE PAPER

| | Marks | Time for this Test |
|---|---|---|
| **3 questions** | 60 | 45 Minutes |

**Pass Marks :** The candidate MUST pass in each of the Objective Tests and the Descriptive Paper. The passing marks in each objective test will be determined by the Bank. Minimum passing marks for the Descriptive Paper will be 50% for General Category candidates and 45% for SC/ST/OBC/PWD Candidates. Candidates who pass in each test and rank sufficiently high on the basis of the aggregate marks in the written examination as stated above would only be called for interview. The number of such candidates would depend upon the number of vacancies to be filled in.

**THERE WILL BE PENALTY FOR WRONG ANSWER MARKED BY YOU IN THE OBJECTIVE TESTS.** There are five alternatives in every question of a test. For each question for which a wrong answer has been given by you, one-fourth or 0.25 of the marks assigned to that question will be deducted as penalty. If for any question you give more than one answer, it will be treated as wrong even if one of the given answers happens to be right and there will be

हो। इस तरह के प्रश्नों के लिए भी दंड स्वरूप, उपरोक्त, उपरोक्त विधि से ही, अंकों में कटौती की जायेगी। अगर कोई प्रश्न खाली छोड़ दिया जाता है, अर्थात् आप उसका उत्तर नहीं देते हैं, तो उस प्रश्न के लिए अंकों में कोई भी कटौती नहीं की जायेगी। अगर किसी प्रश्नावली में कटौती किये गये अंक अंशों में होंगे तो प्राप्तांकों को निकटतम पूर्णांकों में बदल दिया जायेगा। **अतः उत्तर देते समय आपको अत्यंत सावधान रहना चाहिये।**

the same penalty as above for that question. If a question is left blank, i.e. no answer is given by you, there will be no penalty for that question. If the total of the penalty for a test is in fraction, the marks obtained will be rounded off to the nearest integer. **YOU SHOULD THEREFORE BE CAREFUL IN MARKING YOUR ANSWERS.**

### (ख) वर्णनात्मक प्रश्नपत्र

यह आपके अंग्रेजी ज्ञान की प्रवीणता की जांच के लिए है। इसमें पत्र–लेखन, निबंध लेखन, सार–लेखन आदि होंगे।

यह प्रश्नपत्र सह उत्तरपत्र होगा और उसी में दिये गये स्थान में उत्तर भी दिये जाने हैं। किसी अन्य परिशिष्ट का उपयोग करने की अनुमति नहीं है। इस प्रश्न–पत्र का उत्तर देने के लिए 45 मिनट का समय है। **प्रश्न केवल अंग्रेजी में छपे होंगे, और उम्मीदवारों को अपने उत्तर केवल अंग्रेजी में देने होंगे।** इस परीक्षा में प्राप्त अंकों को योग्यता सूची में स्थान निर्धारण के लिए गिना जाएगा।

### (B) DESCRIPTIVE PAPER

This is to check your proficiency in English Knowledge. It would consist of letter writing, essay writing, precis writing etc.

It is a question paper cum-answersheet and you have to restrict your answer to the space provided on the answersheet. Use of supplements is not allowed. The time for answering this paper is 45 minutes. **Questions will be printed in English only and candidates have to write their answers in English only.** The marks obtained in this paper will be reckoned for merit ranking.

## नमुना प्रश्न

### अ) वस्तुनिष्ठ प्रश्नावलियाँ

वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं के लिए कुछ नमूना प्रश्न नीचे दिये जा रहे हैं। इस प्रकार के प्रश्न उदाहरण मात्र हैं। यह सूची पूर्ण नहीं हैं। असली परीक्षा में इस प्रकार के कुछ अथवा सभी प्रश्न हो सकते हैं और इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार के भी हो सकते हैं।

### प्रश्नावली I : तार्किक क्षमता

यह प्रश्नावली यह देखने के लिए है कि आप कितनी अच्छी तरह सोच सकते हैं। इसमें विभिन्न प्रकार के प्रश्न होंगे। यहाँ कुछ उदाहरण प्रश्न दिये हैं।

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्न में से प्रत्येक प्रश्न में अक्षरों के कुछ समूह अथवा शब्द दिये गये हैं। पांच में से चार में कुछ न कुछ समानता है परंतु पांचवा उन चारों से भिन्न है। जो सबसे अलग है आपको उसका पता लगाना है।

**प्र.1.** (1) काला (2) लाल (3) हरा (4) पीला (5) रंग

उक्त पांचों में 'काला', 'लाल' 'हरा' तथा 'पीला' एक समूह बनाते हैं क्योंकि ये रंगों के नाम हैं। 'रंग' किसी रंग का नाम नहीं हैं, अत: आपका उत्तर है 5।

अब निम्नलिखित प्रश्न को हल करने का प्रयास कीजिए।

**प्र.2.** (1) XZ (2) MN (3) PQ (4) BC (5) ST

निम्नलिखित प्रश्न सादृश्य पर आधारित है।

**प्र.3.** जो संबंध 'पैर' का मनुष्य से है वही 'खुर' का किससे है ?
(1) पैर (2) घोड़ा (3) कुत्ता (4) लड़का (5) जूता

उपर्युक्त उदाहरण में पांचों में से 'खुर'का किस से वही संबंध है जो पैर का मनुष्य से है ? उत्तर है 'घोड़ा' जो उत्तर सं. 2 है।

## SAMPLE QUESTIONS

### A) OBJECTIVE TESTS

Below are given some sample questions for the objective type tests. The types of questions are only illustrative and not exhaustive. In actual examination you may find questions on some or all of these types and also questions on the types not mentioned here.

### TEST I : Reasoning Ability

This is a test to see how well you can think. It contains questions of various kinds. Here are some sample questions.

**Directions** : In each of the following questions, there is a group of letters or words given. Four of the five are alike in a certain way, while one is different. Find out the one which is different.

**Q.1.** (1) black (2) red (3) green (4) yellow (5) paint

Of the five, 'black', 'red', 'green', and 'yellow' form a group as they are names of colours. 'Paint' is not the name of a colour. Therefore (5) is the answer.

Now try to solve the following question.

**Q.2.** (1) XZ (2) MN (3) PQ (4) BC (5) ST

Following are the questions based on analogy.

**Q.3.** "Foot" is related to "Man" in the same way as "Hoof" is related to ———
(1) Leg (2) Horse (3) Dog (4) Boy (5) Shoe

In the above example, with which one of the five, "Hoof" has the same relationship as "Foot" has to "Man" ? The answer is "Horse", which is answer number (2).

अब निम्नलिखित प्रश्न हल कीजिए।

**प्र.4.** 'दिन' का 'रात' से वही संबंध है जो 'दयालु' का ——— से है।

(1) क्रूर (2) चमकदार (3) काली
(4) उदार (5) कृतज्ञ

अब निम्नलिखित प्रश्न हल कीजिए।

**प्र.5.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर X है।

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

**प्र.6.** कुछ नेता बेईमान होते हैं। सत्यप्रिय नेता है। इन दो कथनों से निम्नलिखित में से कौन सा निश्चित निष्कर्ष निकलता है ?

(1) सत्यप्रिय ईमानदार है
(2) सत्यप्रिय बेईमान है
(3) कुछ नेता ईमानदार होते हैं
(4) नेता सामान्यतः बेईमान होते हैं
(5) सत्यप्रिय कभी-कभी बेईमान हो जाते हैं

**आकृतियों डिजाइनों और चित्रों से संबंधित प्रश्न भी हो सकते हैं। ये तीन प्रकार के हो सकते हैं :**

**1. सादृश्य 2. वर्गीकरण और 3. श्रृंखला**

**1. सादृश्य**

इन प्रश्नों में आकृतियों के दो सेट होते हैं जिनमें एक सेट प्रश्न आकृतियों का और दूसरा सेट उत्तर आकृतियों का होता है। प्रश्न आकृतियां दो भागों में होती हैं। पहले भाग में दो आकृतियां हैं और दूसरे भाग में एक आकृति होती है। चौथी आकृति की जगह प्रश्नचिह्न होता है। आपको यह बताना है कि प्रश्नचिह्न की जगह पर उत्तर आकृतियों में से कौनसी आकृति होगी।

सादृश्य संबंधी निम्नलिखित प्रश्न देखें।

Now try the following questions.

**Q.4.** "Day" is related to "Night" in the same way as "Kind" is related to ———

(1) Cruel (2) Bright (3) Dark
(4) Generous (5) Gratitude

Now try the following questions.

**Q.5.** If the letters in the word TOPS can be rearranged to form a meaningful word beginning with O, the last letter of that word is your answer. If more than one such word can be formed, M is the answer and if no such word can be formed, X is the answer.

(1) T (2) P (3) M (4) S (5) X

